तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 आधार कार्ड के लिए गलत दस्तावेज अपलोड...



14 राजगौरा महोत्सव छत्तीसगढ़ की प्राचीन...



# सड़क निर्माण को लेकर रार, पहले भाजपाइयों ने बाद में कांग्रेसियों ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांसद रुपकुमारी चौधरी के प्रयासों से स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य का एक ही दिन गुरुवार को दो बार भूमिपूजन हुआ। कांग्रेसियों द्वारा भूमिपूजन की तैयारियों की जानकारी मिलते ही भाजपाई उक्त स्थल पर पहले पहुंच गए और भूमिपूजन कर दिया। बाद में पहुंचें कांग्रेसियों ने देर शाम उसी स्थान पर उसी कार्य का एक बार फिर भूमिपूजन किया।

बता दें कि पूरा मामला खल्लारी विधानसभा क्षेत्र का है जहां गुरुवार को पीएमजीएसवाय के तहत साल्हेभांठा से कमार डेरा तक एक करोड़ की लागत से प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन होना था। कार्यक्रम को जानवी साहू, दुबे लाल साहू, कल्पना सिन्हा, लोकेश पनुरिया, पीलेश्वर पटेल ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सरपंच सेवाराम साहू द्वारा किया गया।

### खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम साल्हेभांठा से कमारडेरा तक होगा सड़क निर्माण

#### श्रेय लेने की कोशिश नाकाम



सांसद रुपकुमारी चौधरी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्रवासियों की मांग पर उनके द्वारा केंद्र सरकार की योजना के तहत स्वीकृत कराए गए कार्यों की सूची में उक्त कार्य भी शामिल है। कांग्रेसियों द्वारा श्रेय लेने के चलते आनन-फानन में भूमिपूजन की तैयारी थी।



#### झूठी वाहवाही लेने का प्रयास



मौके पर मौजूद भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अलका चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेसियों द्वारा विकास कार्यों के नाम पर झूठी वाही लेने सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रयास से स्वीकृत कार्य का भूमिपूजन किए जाने की तैयारी थी। इसलिए, भाजपा नेताओं द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचकर पहले भूमि पूजन किया गया। अलका ने अधिकारियों एवं ठेकेदार को कहा कि भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृत कार्यों की भूमि पूजन में भाजपाजनों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### इस अवसर पर यह रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से जानवी साहू, नरेश चंद्राकर, पीलेश्वर पटेल, कल्पना सिंह, लोकेश पनुरिया, रूपेश साहू, दुबे लाल साहू, भुवन साहू, भूषण नामदेव, खोमन साहू, कृपा पटेल, पीलाराम निषाद, गोरखा साहू आदि कार्यकर्ताओं सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नशामुक्ति केंद्र में लगा मानसिक जांच शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत नशामुक्ति केंद्र मचेवा में मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी मरीजों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, नशा के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। वहीं नशा से दूर रहने की बात कही गई। टेली मानस सेवा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर14416 की जानकारी भी दी गई। इस दौरान जिला हॉस्पिटल से डीएमएचपी की टीम में रामगोपाल खूंटे साइकियाट्रीक सोशल वर्कर और खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एवं स्टॉफ का सहयोग रहा।

### एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए नीलम का चयन




**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन ई. राघवेंद्रराव शासकीय स्नाकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में 5 दिसंबर से 07 दिसंबर तक किया जा रहा है । प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद की छात्रा नीलम लहरे बीए तृतीय सेमेस्टर का चयन हुआ है। ज्ञात हो कि नीलम लहरे का चयन परिक्षेत्र स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता महासमुंद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया है। इनके चयन होने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार, डॉ. सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. स्वेतलाना नागल, ओंकार साहू, जगदीश खटकर, क्रीड़ा प्रभारी कविता गहीर, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी दुलामनी रौतिया एवं महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ ने हर्ष जताया है।

## धान खरीदी : खुले में पड़ा धान खराब होने के कगार पर

# खरीदी पर संकट, कम खरीदी से जिले के किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की धीमी रफ्तार और प्रशासनिक विसंगतियों के चलते किसानों में भारी रोष व्याप्त है। खरीदी केंद्रों मे धान की कम खरीदी ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं, वहीं दूसरी ओर हजारों टन धान खुले आसमान के नीचे पड़े-पड़े खराब होने की कगार पर है। धान खरीदी शुरू हुए 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि इस अवधि में जिले के 182 उपार्जन केंद्रों पर पंजीकृत किसानों में से मात्र 27868 किसानों से एक लाख 30 हजार टन धान से अधिक ही की खरीदी की गई है। यह आंकड़ा जिले के कुल पंजीकृत किसानों की संख्या और धान की आवक को देखते हुए बेहद निराशाजनक है।

क्षेत्र के किसान संतोष कुमार, चैनसिंग साहू, तिलकराम साहू और हेमचंद साहू का कहना है कि टोकन व्यवस्था में लगातार बदलाव और खरीदी कम होने जैसे कारणों से उन्हें अपनी उपज बेचने में भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। यह अनिश्चितता किसानों के लिए दोहरी मार साबित हो रही है। खासकर किसानों को कम खरीदी से सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। मौसम में अचानक बदलाव या हल्की बारिश भी इस धान के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। पर्याप्त कैप कवर और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसान चिंतित हैं कि अगर बारिश हो गई तो उनकी मेहनत की उपज खराब हो जाएगी।

धान में नमी आने से न सिर्फ उसकी गुणवत्ता प्रभावित होगी, बल्कि खरीदी केंद्र उसे खरीदने से भी मना कर सकते हैं। यह स्थिति किसानों के लिए बड़े आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। हालांकि नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया है कि टोकन सप्ताह के लिमिट के आधार पर कट रहा है एवं लिमिट बढ़ाने के लिए उच्च विभाग को आवेदन किया गया है।

#### टोकन और प्रशासनिक विसंगतियां

जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए शुरू की गई टोकन तुंहर हाथ जैसी ऑनलाइन व्यवस्था भी प्रशासनिक त्रुटियों और सर्वर की समस्याओं के चलते सुचारू रूप से काम नहीं कर रही है। कई किसानों को टोकन के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। पिछले दिनों सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल ने भी खरीदी प्रक्रिया को बाधित किया, हालांकि प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्थाएं की, लेकिन खरीदी की गति धीमी ही बनी रही।

#### रकबा गलत दर्ज होने से दोगुनी परेशानियां

धान खरीदी से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या रकबा कम दर्ज होना भी है। कई किसानों ने बताया कि उनके वास्तविक रकबा से कम क्षेत्र दर्ज किया गया, जिससे वे पात्रता के अनुसार धान नहीं बेच पा रहे हैं। जब वे समस्या लेकर पटवारी के पास जाते हैं तो उन्हें तहसील कार्यालय भेज दिया जाता है, जबकि तहसील से वापस पटवारी के पास लौटने की सलाह मिलती है। नतीजा रकबा सुधर नहीं रहा और खरीदी रुक गई है।

# श्याम राइस मिल झलप से 9562 क्विंटल धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई, ग्राम चिराकूटा में 250 कट्टा धान जब्त

जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर सख्त निगरानी तथा राइस मिलों के भौतिक सत्यापन कार्य के क्रम में गुरुवार को श्याम राइस मिल झलप में भौतिक सत्यापन निरीक्षण में 9562 क्विंटल धान तथा ग्राम चिवराकूटा में 250 कट्टा धान जब्त किए जाने की कार्रवाई की गई।

महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अक्षा गुप्ता के नेतृत्व में श्याम राइस मिल झलप में भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान राजस्व, खाद्य, मंडी के संयुक्त टीम द्वारा धान स्टॉक गणना किया गया। जिसमें स्टॉक शॉर्टेज पाया गया। कस्टम मिलिंग धान उपार्जन नियम 2016 एवं मंडी अधिनियम के तहत 9562 क्विंटल धान जब्त करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। इसी तरह विकासखण्ड सरायपाली में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम चिवराकूटा में 250 कट्टा धान जब्त करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। टीम द्वारा धान के अवैध परिवहन और भंडारण की सूचना पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। टीम ने धान को जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में सभी जांच चौकियों, राइस मिलों एवं उपार्जन केंद्रों पर निगरानी और सख्त की जा रही है। अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने सतत निगरानी सतत जारी रहेगी।

# सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने का मामला पार्षद ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर पंचायत बसना के वार्ड क्रमांक 11 में स्थित पदमपुर रोड के पास हमर बसना लिखी पट्टीका, जिसे नगर पंचायत द्वारा शासकीय कोष से बनाया गया था, बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हुआ है, जिसके बाद क्षेत्र में आक्रोश है।

इस संबंध में नगर पंचायत बसना के पार्षद मनोज कुमार गहरेवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पार्षद ने कहा कि शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुँचाने का यह कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 425, 427 तथा बीएनएस की धारा 326, 324 सहित सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

गहरेवाल ने मांग की है कि घटना की तत्काल जांच की जाए, आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, बसना आरक्षी केंद्र में प्राथमिकी दर्ज की जाए, नगरपालिक निगम अधिनियम 1961 की धारा 315 के तहत शासकीय संपत्ति को क्षति पहुँचाने वालों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय संसाधनों से निर्मित पट्टीका को नुकसान पहुँचाना न सिर्फ अपराध है, बल्कि नगर पंचायत की गरिमा के विरुद्ध भी है, इसलिए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है। नगर पंचायत प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों की जल्द पहचान कर आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर लंगेह ने किया भंवरपुर, गढ़फुलझर एवं पिरदा धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य जिले में सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने गुरुवार को बसना विकासखण्ड अंतर्गत भंवरपुर, गढ़फुलझर एवं पिथौरा अंतर्गत पिरदा के धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन व्यवस्था, बारदाना उपलब्धता, टोकन व्यवस्था, तौल प्रक्रिया और कृषकों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, बसना एसडीएम हरिशंकर पैकरा, पिथौरा एसडीएम बजरंग वर्मा, खाद्य अधिकारी अजय यादव मौजूद रहे।

उपार्जन केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने निर्देशित किया कि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न कराएं तथा सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराएं। इस दौरान उन्होंने धान तौलाई का जायजा लेते हुए कहा कि तौल मशीनें पूर्ण रूप से सुचारू रहें और किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। गुणवत्ता परीक्षण पारदर्शी और नियमानुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि बारदाना की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो। केंद्र परिसर में स्वच्छता, पीने के पानी और छाया की सुविधा व्यवस्थित हों। उन्होंने ऑनलाइन पंजीयन सूची एवं टोकन व्यवस्था की समीक्षा की तथा खरीदी डेटा को समय पर पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से उपार्जन व्यवस्था के संबंध में उनके सुझाव और समस्याएं भी सुनी तथा त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र प्रभारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप धान खरीदी व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता, गति और सुचारूता के साथ संचालित करें।

## शहर के खंभे बने बैनर पोस्टर्स का ठिकाना, सड़क हादसों की बढ़ी आशंका

# विभाग भी नियमों को ताक में रख लगा रहे अवैध बैनर पोस्टर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जगह-जगह चिपके विज्ञापन पोस्टर शहर की सुंदरता बिगड़ी

शहर की सुंदरता को प्रभावित करने जहां विभिन्न दलों के नेता पीछे नही हैं वहीं सरकारी विभाग भी अब शहर के मुख्य मार्ग में लगे डिवाईडर पोलों में पोस्टर लटका कर नियमों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। बिजली पोल सहित चौक चौराहों पर बेतरतीब तरीके से लगाए जा रहे पोस्टर और बैनर प्रशासन के लिए चुनौती बन गए हैं। जगह-जगह चिपके विज्ञापन पोस्टर शहर की सुंदरता को न केवल प्रभावित कर रहे हैं बल्कि, स्वच्छता अभियान को भी प्रभावित कर रहे हैं। इन खंभों में राजनीतिक कार्यक्रमों, ट्यूशन क्लासेस, प्रॉपर्टी डीलर और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ अब सरकारी आयोजनों के भी पोस्टर भी नजर आने लगे हैं। तात्पर्य यह है कि नियमों की बात करने वाले विभाग को ही अन्य विभाग मनमानी करता नजर आ रहा है।

#### बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

इस खतरनाक चलन ने शहर को बड़े सड़क हादसों के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहर के प्रमुख चौराहों, गोलबाजार, बस स्टैंड, नेहरू चौक, और मुख्य मार्गों के डिवाइडर पर लगे खंभों, दीवारों और पुलों के नीचे ये अवैध विज्ञापन छाए हुए हैं। ये पोस्टर्स और होर्डिंग्स मुख्य रूप से राजनीतिक दलों के नेताओं के जन्मदिन की बधाई, सामाजिक आयोजनों की घोषणा या निजी व्यवसाय के विज्ञापन होते हैं। इन विज्ञापनों को लगाते समय इस बात का जरा भी ध्यान नहीं रखा जाता कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं।

कई जगह तो स्टॉप साइन, यू-टर्न प्रतिबंधित जैसे अति महत्वपूर्ण सड़क संकेत भी इन चमकदार पोस्टरों के पीछे दब जाते हैं। रात के समय, जब दृश्यता पहले से ही कम होती है, तो इन पोस्टरों की वजह से ड्राइवर दूर से आने वाले खतरे या ट्रैफिक सिग्नल को देख ही नहीं पाते।

#### संकेत नही नजर आते


स्थानीय नागरिक अजय एवं अन्य नागरिकों की मानें तो ये पोस्टर और होर्डिंग्स ज्यादातर सत्ताधारी दलों या प्रभावशाली लोगों के होते हैं। ये लोग आम जनता की जान से ज्यादा अपने नेताओं को खुश करने में लगे हैं। गति सीमा, स्कूल जोन, तीखा मोड़ जैसी चेतावनी संकेत ढंके होने के कारण चालक अपनी गति को नियंत्रित नहीं कर पाते, खासकर नए और बाहरी ड्राइवरों के लिए यह बेहद खतरनाक साबित होता है।

#### बिना अनुमति लगाए जाते हैं बैनर पोस्टर्सः राजस्व विभाग

नगर पालिका के राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुशार स्ट्रीट लाईटो में लगे पोस्टर और होल्डिंग बिना अनुमति के लगाये जाते है एवं बड़े पोस्टर और होल्डिंग के लिए एनओसी लिये जाते है अब तक इन लगे अवैध पोस्टर और होल्डिंग पर कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नही दी गई हैं।

### दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 9 दिसंबर से

**महासमुंद।** राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्धेश्य से राज्य शासन द्वारा युवा उत्सव का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। प्रतिभागियों का पंजीयन माई भारत पोर्टल में किया जाना है। एक प्रतिभागी किसी भी स्तर के प्रतिस्पर्धा के लिए केवल 01 विद्या में भाग ले सकेगा। 01 प्रतिभागी एक से अधिक विधाओं में सम्मिलित नहीं हो सकते। प्रतिभागियों के लिए आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक तथा संगतकारों का 18 से 40 वर्ष तक निर्धारित है। सम्मिलित विधाओं में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत में 10-10 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसी तरह वाद-विवाद, नवाचार(साइंस मेला), पारंपरिक वेशभूषा में 02-02, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन में 01-01, एकांकी में 12, रॉक बैंड में 10 विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर शामिल होंगे। जिले के प्रतिभागी/कलाकार जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष हो वह जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकेंगे।



## खबर संक्षेप



### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का लोकभवन में राज्यपाल ने किया स्वागत

**रायपुर।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के छत्तीसगढ़ आगमन पर बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल रमेन डेका ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया और उन्हें शाल स्मृति चिन्ह भेंट किया। उल्लेखनीय है कि श्री कोविंद अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय और सचिवालय का नाम बदलने के फैसले पर कहा, यह सब राजनीतिक बातें हैं, जो बदला है, अच्छा किए हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन के बारे में सवाल पूछा, तो पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने बताया कि यह मामला अभी संसद में पेंडिंग है।

### आशुतोष शर्मा न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक बने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ रायपुर अपने पदाधिकारियों का पुनर्गठन एवं विस्तार करते हुए आशुतोष शर्मा को छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक के पद पर मनोनित किया है। इससे पहले आशुतोष शर्मा रायपुर संघ के पूर्व अध्यक्ष रह चूके है। संघ ने उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी है। छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष नागेश्वर सिंह मौर्य, द्वारा संघ के संविधान के अनुसार प्रांतीय पदाधिकारियों की सहमति उपरांत उन्हें प्रांतीय संयोजक के पद पर मनोनित किया है, जिससे सभी न्यायिक कर्मचारियों में नयी उर्जा एवं खुशी का महौल है।

### जिले में अब तक 11.68 लाख क्विंटल धान की खरीदी

**रायपुर।** जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदा जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को 2310 किसानों से 1 लाख 11 हजार 157.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार जिले में अब तक 24631 किसानों से 11 लाख 68 हजार 168.40 क्विंटल की खरीदी हुई है।

### रबी फसल बीमा के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

**रायपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए रायपुर जिले में 1 से 7 दिसंबर तक फसल बीमा सप्ताह आयोजित किया है। रबी वर्ष 2025-26 के लिए जिले में बीमा संचालन के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कंपनी को चयनित किया है। जिला प्रशासन के अनुसार इस रबी मौसम में चना, अलसी, सरसों, गेहूं सिंचित तथा गेहूं असिंचित को अधिसूचित फसलों में शामिल किया गया है। किसानों के लिए बीमा आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।

# विभागों ने योजनाओं की राशि 34 करोड़ रुपए बरसों से दबाए रखी, अब फिर जाएगी सरकार के खजाने में

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ में कई विभागों ने सरकारी योजनाओं की राशि करीब 34 करोड़ रुपए सिविल जमा में ट्रांसफर कर बरसों तक निष्क्रिय के-डिपॉजिट खातों में जमा रखी थी। अब सरकार ने इन खातों की राशि को सरकारी खजाने राज्य की संचित निधि में ट्रांसफर करने का आदेश जारी किया है।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी भारसाधक सचिवों के लिए आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि विभिन्न विभाग द्वारा योजनाओं की राशि लोक लेखा शीर्ष सिविल जमा में ट्रांसफर करके विगत कई वर्षों से जमा रखी है। कोषालय संहिता के अनुसार तीन साल से अधिक समय तक निष्क्रिय के- डिपॉजिट खातों की राशि राज्य की संचित निधि में वापस जमा की जानी चाहिए। राज्य के विभिन्न कोषालयों में कई विभागों, कार्यालयों के निष्क्रिय खातों की सूची भी वित्त विभाग ने जारी की है और कहा है कि इन खातों में जमा राशि को संबंधित विभागीय राजस्व प्राप्ति शीर्ष में राज्य की संचित निधि में ट्रांसफर करें।

## कई विभाग और कार्यालय पैसा दबाए रखने में करोड़पति




### विभागों के दफ्तरों ने करोड़ों रुपए जमा रखे

वित्त विभाग ने निष्क्रिय खातों में जमा राशि की जो सूची जारी की है, उसके हिसाब से करीब 34 करोड़ रुपए निष्क्रिय खातों में पड़े रखे गए हैं। इस तरह के कई विभागों और कार्यालयों की उल्लेख सूची में है। सूची के मुताबिक कार्यालय अभियंता ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा राजनांदगांव 4 करोड़ 12 लाख 58 हजार कलेक्टर कबीरधाम के निष्क्रिय के डिपॉजिट खाते में 2 करोड़ 93 लाख 85 हजार, श्रम पदाधिकारी सुकमा 2 करोड़ 31 लाख 88 हजार, श्रम पदाधिकारी सुरजपुर 1 करोड़, 84 लाख, उप संचालक उद्यानिकी कार्यालय रायपुर में 1 करोड़ 2 लाख 57 हजार, एकीकृत आदिवासी विकास विभाग अंबिकापुर 1 करोड़ 27 लाख 46 हजार, उप संचालक कृषि जशपुर 1 करोड़ 92 लाख 94 हजार, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजन अंबिकापुर 1 करोड़ 1 करोड़ 27 लाख 46 हजार बिना खर्च किए निष्क्रिय खातों में जमा रखे रहे। इनके अलावा भी कई और विभागों, कार्यालयों ने लाखों और हजारों रुपए निष्क्रिया खातों में जमा रखे।

### 9 दिसंबर से नए विधानसभा में ली जाएंगी ध्यानाकर्षण और स्थगन सूचना

# सवा छह सौ से अधिक सवालों से गरमाएगा शीतकालीन सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

विधानसभा का शीतकालीन सत्र चार दिन के लिए आहूत किया गया है। 14 से 17 दिसंबर तक चलने वाले सत्र के लिए नवा रायपुर के नए विधानसभा भवन में तैयारी पूरी हो गई है। सत्र के लिए विधायकों ने 628 सवाल लगाए हैं। इन सवालों से नवा रायपुर के विधानसभा भवन में होने वाला शीतकालीन सत्र गरमाएगा। विपक्ष और सत्ता पक्ष के अधिकतर विधायकों ने सबसे अधिक ऑनलाइन सवाल लगाए हैं, जिनकी संख्या 604 थी। वहीं 24 सवाल ऑफलाइन लगाए।

सत्र के दौरान पहले दिन रविवार 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विजन 2047 को लेकर चर्चा की जाएगी। पहले दिन प्रश्नकाल नहीं होगा। सोमवार से बुधवार तक सत्र की कार्यवाही में प्रश्नकाल के साथ अन्य सेशन भी होंगे। इस दौरान सदस्यों द्वारा लाए गए मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बताया गया है कि सत्र में लगाए गए सवालों में कानून व्यवस्था, धान खरीदी, सड़कों की बदहाली, राशन वितरण में गड़बड़ी सहित कई मामलों पर सवाल किए जाएंगे। सत्र के लिए 9 दिसंबर से बैठक वाले दिन सुबह 8 बजे तक ध्यानाकर्षण सूचना, स्थगन की सूचना और नियम 267 क के अधीन सूचनाएं दे सकेंगे। सभी सूचनाएं नए विधानसभा भवन में ली जाएंगी। सचिवालय के अनुसार एक सदस्य द्वारा एक दिन के लिए दो ध्यानाकर्षण और एक स्थगन की सूचना ही दी जा सकेगी। तीन दिन के सत्र के लिए एक विधायक के द्वारा 6 ध्यानाकर्षण और 3 स्थगन की सूचनाएं ही स्वीकार की जाएंगी।




### नए विधानसभा भवन में होगी कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि सत्र की पूरी कार्यवाही नवा रायपुर स्थित विधानसभा भवन में होगी। 18 नवंबर को पुराने विधानसभा से शुरू हुए सत्र को आगे बढ़ाते हुए चार दिन का सत्र नए विधानसभा भवन में कराने का निर्णय लिया गया है। यहां पर होने वाले चार दिन के सत्र के लिए बैठक व्यवस्था तय नियमों के आधार पर होगी।

### पुराने विधानसभा भवन से शिफ्टिंग

नया विधानसभा भवन तैयार होने के बाद पुराने विधानसभा भवन की फाइलें, फर्नीचर और अन्य सामान की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। 10 दिसबर तक इसे पूरा करने का प्लान तैयार किया गया है। सभी सेक्शन के लोगों को आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित कर नए विधानसभा भवन में आवंटित स्थान तक ले जाने कहा गया है। सत्र शुरू होने के पहले यह भवन खाली करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि नए भवन से कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो सके।

# राजस्व अधिसूचना का सिस्टम होगा डिजिटल

### राजस्व मंत्री ने छत्तीसगढ़ में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विकसित नई प्रणाली के तहत राजपत्र प्रकाशन की संपूर्ण प्रक्रिया अब डिजिटल माध्यम से संचालित होगी। पूर्व में विभागों एवं जिला कार्यालयों से मुद्रणालय तक पाण्डुलिपि भेजने की प्रक्रिया समय और भौतिक संसाधनों पर आधारित थी, जिसे अब पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। नए ई-गजट पोर्टल के माध्यम से विभाग अपने आदेश एवं अधिसूचनाएं सीधे अपलोड करेंगे तथा प्रकाशित राजपत्र भी सभी के लिए ऑनलाइन सुलभ रहेगा।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंत्रालय में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए ई-गजट ऑनलाईन पोर्टल पोर्टल के माध्यम से अब शासन के सभी विभाग तथा जिला कलेक्टरों द्वारा जारी आदेश, अधिसूचनाएं, अध्यादेश एवं अन्य प्रकाशन सामग्री सीधे ऑनलाइन पाण्डुलिपि रूप में संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग को भेजी जाएगी, जहां से शासकीय मुद्रणालय इसे ई-गजट के रूप में ऑनलाइन प्रकाशित करेगा।

#### ई-गवर्नेंस नीतियों को भी मजबूत आधार मिलेगा

ई-गजट प्रणाली लागू होने से अधिसूचना प्रकाशन संबंधी कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आएगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से न केवल प्रक्रियाएं सरल होंगी, बल्कि कार्य पूर्णतः पेपर-लेस होने से शासन की ई-गवर्नेंस नीतियों को भी मजबूत आधार मिलेगा। राजपत्रों का ऑनलाइन प्रकाशन पारदर्शिता, सुलभता और रिकॉर्ड प्रबंधन को भी अधिक प्रभावी बनाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की यह पहल राज्य में डिजिटल शासन, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ई-गजट पोर्टल के शुभारंभ से अब राजपत्र प्रकाशन अधिक सुगम, समयबद्ध और आधुनिक स्वरूप में उपलब्ध हो सकेगा।

# महतारी वंदन की 22वीं किस्त जारी 67.68 लाख हितग्राहियों को राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



- मुख्यमंत्री ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के कार्यक्रम में किया जारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने वाली राज्य सरकार की प्रमुख योजना महतारी वंदन के तहत आज 22वीं किस्त का भुगतान मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, महतारी वंदन योजना हमारी माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की महिलाएं परिवार, समाज और राज्य की उन्नति की आधारशिला हैं और उनका सशक्त होना एक सशक्त प्रदेश की अनिवार्य शर्त है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि प्रतिमाह सीधे बैंक खातों में राशि अंतरित होने से माताओं को न केवल आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि परिवार की पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने में भी सुनिश्चित सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र हितग्राही इस सहायता से वंचित न रहे तथा पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महतारी वंदन योजना आने वाले समय में लाखों परिवारों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी और छत्तीसगढ़ के विकासयात्रा को नई ऊर्जा देगी।

#### 634.65 करोड़ रुपये की राशि जारी

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से प्रारंभ होने के बाद अब तक 21 किश्तों में कुल 13,671.68 करोड़ रुपये की सहायता राशि लाभार्थियों को प्रदान की जा चुकी है। इस माह 67,78,674 पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इसमें 67,71,012 हितग्राहियों को 633.89 करोड़ रुपये तथा नियद नेल्ला नार क्षेत्र की 7,662 महिलाओं को 76.30 लाख रुपये प्रदान किए गए। इस प्रकार महतारी वंदन योजना की 22वीं किश्त अंतर्गत कुल 634.65 करोड़ रुपये की राशि पात्र हितग्राहियों को अंतरित की गई।

### मुख्यमंत्री ने दत्तात्रेय जयंती की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान दत्तात्रेय की जयंती (4 दिसम्बर) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने भगवान दत्तात्रेय से समस्त नागरिकों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा, भगवान दत्तात्रेय सत्कर्म, सादगी, विनम्रता, त्याग और ज्ञान के शाश्वत प्रतीक हैं।

### भारतीय नौसेना दिवस आज सीएम की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस के अवसर पर देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सतत तत्पर भारतीय नौसेना के जांबाज अधिकारियों, वीर जवानों एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

### पीएससी ने बढ़ाई पद संख्या

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा 26 नवंबर को मुख्य सेवा परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में संशोधन किया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 238 पदों के लिए प्रस्तावित थी। अब इसमें एक पद की वृद्धि की गई है। परीक्षा अब 239 पदों के लिए होगी। मुख्य सेवा परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। परीक्षार्थी 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। संशोधित पद सहित अन्य जानकारियां पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# गाइडलाइन पर बृजमोहन के पत्र को कांग्रेस ने बताया दिखावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

शहर जिला कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुये कि आज छत्तीसगढ़ में सुशासन के नाम पर लगातार कुशासन का चक्र चल रहा है। जमीन गाइड लाइन वृद्धि को लेकर प्रदेश की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ मंत्री ओपी चौधरी इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बता रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल इसके विरोध में दिखावे के लिये पत्र व्यवहार रहे हैं, जो महज खानापूर्ति नौटंकी है।

- जन-आंदोलन का करें समर्थन, कांग्रेस पार्टी भी उनके साथ है- विकास

शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पप्पू बंजारे, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, आकाश तिवारी के साथ पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने इस पर कहा, आपको सही में पीड़ा है, तो किसानों और व्यवसायियों के साथ आंदोलन करें। जनहित के लिए सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन और जन-आंदोलन करें। आम जनता के हित के लिए कांग्रेस पार्टी भी आपको समर्थन देने के लिए तैयार है। विकास उपाध्याय ने कहा कि चिट्ठी लिखना महज एक खानापूर्ति है। इससे पहले भी सिर्फ खानापूर्ति के लिए बृजमोहन अग्रवाल ने कई पत्र लिखें हैं। डबल इंजन की सरकार में रसूखदार नेता अपने ही पार्टी के तुगलकी फरमान के विरोध में नौटंकी करते हुये प्रदेश की भोली-भाली आम जनता को बहला कर बेवक़ूफ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य की भाजपा सरकार नई गाइड लाइन को तत्काल निरस्त नहीं करती है, तो कांग्रेस किसानों और व्यापारियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# प्राचार्य व प्रोफेसर की आठ समितियां जांचेंगी लैब अटेंडेंट के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर




- 1603 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 8 से 12 तक

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा–2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ों के सत्यापन की प्रक्रिया 8 से 12 दिसंबर तक चलेगी। सत्यापन कार्य विज्ञान महाविद्यालय परिसर स्थित क्षेत्रीय अपर संचालक (रूसा) कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक दो पालियों में संपन्न होगा। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग डॉ. संतोष देवांगन ने बताया कि 430 पदों के विरुद्ध तीन गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाया गया है। इसमें सामान्य वर्ग के कुल 538 जिसमें महिला 164 तथा 374 पुरुष, अन्य पिछड़ा वर्ग के 190 में से महिला 56 और 134 पुरुष, अनुसूचित जाति वर्ग के 159 में से महिला 46 और 113 पुरुष तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 419 में से महिला 123 और 296 पुरुष शामिल होंगे। इसी तरह दिव्यांग वर्ग के 91, भूतपूर्व सैनिक के 206 अभ्यर्थी दस्तावेजों के सत्यापन में शामिल होंगे।

#### वरिष्ठ अधिकारी भी रहेंगे शामिल

उच्च शिक्षा विभाग ने दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए कुल आठ समितियां बनाई हैं। प्रत्येक समिति में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। सभी समितियां 8 से 12 दिसंबर तक प्रतिदिन निर्धारित समय में अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज़ों का परीक्षण करेंगी। इस संबंध में विस्तृत निर्देश उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यह प्रक्रिया भर्ती में पारदर्शिता बढ़ाने और चयन कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

### योजनाओं को दुर्भावना पूर्वक बंद किए जाने का लगाया आरोप

# 2 साल में 17 जनकल्याणकारी योजनाएं बंद, कांग्रेस ने कहा- जनता को किया निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया।

उन्होंने कहा, भाजपा की विष्णुदेव सरकार 2 साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 2 साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। 18 लाख आवास देने का वादा था, दो साल में हितग्राहियों को मकान नहीं दे पाये। कांग्रेस राज में 7 किलो राशन मिलता था, उसमें कटौती हो गयी। सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में बिजली कटौती शुरू हो गयी। जमीनों की रजिस्ट्री में जनता को लूटा जा रहा है। भूमि के गाइड लाइन की दर में 30 प्रतिशत के छूट को समाप्त कर दिया, गाइड लाइन की दर 800 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया, लेकिन रजिस्ट्री फीस में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी को नहीं हटाया गया। भाजपा के दो साल में किसान आत्महत्या दौर चालू हो गया। किसान आत्महत्या कर रहे। राजनांदगांव, बस्तर, बिलासपुर, महासमुंद हर जगह से किसानों की आत्महत्या की खबरें आ रहीं।

### इन योजनाओं को किया बंद

400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो कुटकी रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।

# नई दिल्ली में मई में लगेगा भव्य स्वदेशी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर।

भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्टअप, इको सिस्टम और लघु उद्योगों सहित कारीगरों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भव्य स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। कैट ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष 2026 के मई माह में स्वदेशी मेला 2026 आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह मेला मई में नई दिल्ली के प्रगति मैदान पर ऐतिहासिक रूप से आयोजित होगा।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत के घरेलू व्यापार, स्टार्ट-अप लघु उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई और मेड इन इंडिया उत्पादों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए कैट ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर वर्ष मई माह में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में सबसे भव्य स्वदेशी मेला-2026" आयोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पदाधिकारियों ने बताया कि गत 25 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैट को स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव दिया था। अमर पारवानी ने बताया कि यह मेला न केवल भारत के व्यापार, उद्योग और कारीगरी की शक्ति को प्रदर्शित करेगा, बल्कि मेड इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय उद्यमशीलता को नए शिखर तक ले जाने का सबसे बड़ा मंच बनेगा। देशभर के उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, महिला उद्यमियों, कारीगरों व छोटे निर्माताओं के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है कि वे अपने उत्पादों और नवाचारों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों के सामने प्रस्तुत कर सकें।

श्री पारवानी ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति डॉ. राम गोपाल गोयल की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय संचालन बोर्ड विशेष रूप से गठित किया गया है।

**खबर संक्षेप**



## गुरुवार को लक्ष्मी की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अगहन महीना के पांचवें गुरूवार को महिलाओं ने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। अगहन महीना में माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर से फलदायी माना जाता है।

## चरित्र शंका पर पत्नी-बेटी की हत्या, उम्रकैद

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व चरित्र शंका पर पत्नी तथा बेटी की हत्या करने वाले आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में हुई। घटना के समय आरोपी का बेटा अपने मामा तथा दादा के साथ प्रकाश मुनि के कार्यक्रम के लिए तिथि लेने रायपुर आया था। इस दौरान आरोपी ने अकेलेपन का फायदा उठाते हुए अपनी पत्नी तथा बेटी की हंसिया से हमला कर हत्या कर दी। अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते के अनुसार कोर्ट ने योगेश कुमार वर्मा को कैद की सजा सुनाई है। योगेश ने 20 मई 2024 को अपनी पत्नी जानकी वर्मा तथा बेटी लवली उर्फ आरती की हत्या की थी। मृतका के बेटे विवेक ने थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह घटना दिनांक को सुबह साढ़े आठ बजे अपने दादा तथा मामा के साथ रायपुर आया था।

## सूने मकान में नकदी जेवर की चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 1.62 हजार रुपए तथा सोने की माला चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंडरी, कालीनगर निवासी गदाधर जगत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गदाधर ने पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी पार्लर कोर्स करने गई थी और वह अपने च्वाइस सेंटर गया था। इस दौरान कोई अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखी नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया।

# 36 दिन में 88 हजार किसान से 12.32 लाख एमटी धान खरीद पाना असंभव : विनोद

### 19 दिन में 10 प्रतिशत भी नहीं हो पाई धान खरीदी, टोकन तुंहर हाथ एप में सर्वर की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि अभी भी किसानों को टोकन के लिए भटकना पड़ रहा है। टोकन तुंहर हाथ एप में सर्वर की समस्या के चलते टोकन नहीं कटने से किसान धान बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं।

समितियों में 70 प्रतिशत आनलाइन और 30 प्रतिशत आफलाइन टोकन काटने का नियम बनाया गया है। आफलाइन टोकन के लिए भी किसानों को कई दिनों तक सोसायटी के चक्कर लगाना पड़ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि आनलाइन व आफ लाइन दोनों माध्यम से 50-50 प्रतिशत टोकन काटने की व्यवस्था किया जाए, जिससे किसानों को परेशानी न झेलनी पड़े।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि देर से खरीदी प्रारंभ करने तथा समितियों में खरीदी सीमा लागू होने के कारण बहुत कम मात्रा में धान की खरीदी हो पाई है। प्रतिदिन अधिकांश समितियों में 12 सौ से लेकर 17 सौ क्विंटल तक खरीदी लिमिट के कारण पंजीकृत किसान चिंतित हैं। वर्तमान खरीदी सीजन के अंतिम तिथि तक समस्त किसानों का धान खरीद पाना संभव नहीं है। खरीफ सीजन 2025-26 में धान खरीदी के लिए महासमुंद जिले में 1 लाख 11 हजार 831 किसान पंजीकृत हैं। इन किसानों से अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तक 12 लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। खरीदी शुरू हुए आज 19 दिन बीत गए हैं। केवल 23 हजार किसानों से लगभग साढ़े 13 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी हो पाई है, जो लक्ष्य के 10 प्रतिशत से भी कम है। जिस



गति से खरीदी कार्य चल रहा है उससे तो यही लग रहा है कि अंतिम तिथि तक धान खरीदी संभव ही नहीं है। 5 दिसंबर से 31 जनवरी के बीच शनिवार-रविवार के अलावा गुरु घासीदास पर्व, क्रीसमस डे, जनवरी में छेरछेरा, गणतंत्र दिवस आदि पर्वों को मिलाकर कुल 22 शासकीय अवकाश हैं। ऐसे में केवल 36 दिनों में ही शेष 88 हजार किसानों से 12 लाख 32 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी कर पाना एक चुनौती है।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रतिदिन धान खरीदी कार्य सुगमता से होने तथा किसान उत्साहित होने की झूठी खबरें प्रसारित कराया जा रहा है। यदि धान खरीदी कार्य सुगमता से चलता तो टोकन की समस्या, रकबा कटौती की समस्या, धान बेचने के लिए किसानों को कई-कई दिनों अपने बारी का इंतजार करने जैसे हालातों का सामना नहीं करना पड़ता। यदि सरकार सच्चे अर्थों में किसान हितैशी है तो प्रतिदिन खरीदी लिमिट बढ़ाए तथा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत समस्त किसानों का संपूर्ण धान खरीदकर उन्हें सुविधा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ ही समिति को भी धान उठाव में देरी कर परेशान करने का काम किया जा रहा है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में 72 घंटे में उठाव हो जाता था। जिससे सूखत की समस्या का सामना समितियों को नहीं करना पड़ा।



# धान खरीदी केंद्रों में लिमिट बढ़ाने की मांग

### खरीदी केन्द्रों में लिमिट कम होने से हेमालों को रोजी-रोटी की संकट

**नर्रा।** छग में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवम्बर से शुरूआत हो गई है। वहीं धान खरीदी के साथ अल्पकालीन कृषि ऋण की वसूली की जा रही है। धान उपार्जन केन्द्र में किसानों ने बेचे गए उपज की भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में जमा किया जा रहा है। इधर, उपार्जन केन्द्र नर्रा में खरीदी लिमिट कम होने से हेमालों को रोजी रोटी की संकट खड़ी हो गई है। इस केन्द्र में चार दर्जन यानी 45 से 50 हेमाल तौल कांटा, सिलाई व छल्ली के लिए कार्यरत है। प्रशासन से खरीदी की लिमिट 35 सौ की जगह प्रतिदिन 5 हजार कट्टे की खरीदी करने की मांग की जा रही है। टोकन के साथ लिमिट को बढाया जाए, तभी खरीदी में भी तेजी आएगी और समय पर किसान अपनी उपज विक्रय कर सकेंगे। बता दें कि तुंहर हाथ के तहत टोकन नहीं कटने से किसान परेशान है। चूंकि, सर्वर डाउन की वजह से किसान टोकन नहीं काट पा रहे हैं। पहला परेशानी टोकन वहीं दूसरी परेशानी 17 प्रतिशत से अधिक धान में नमी होने से इसे खरीदी केन्द्र से घर वापस भेजा जा रहा है। तीसरा परेशानी आने ले जाने में पिकअप, ट्रैक्टर किराया, लोडिंग अनलोडिंग का अतिरिक्त भार पड़ने से किसान परेशान है।

# एसआईआर में बड़ी संख्या में पलायनकर्ता छूटेंगे: अंकित

### सरपंच, सचिव व पार्षद का प्रमाणीकरण किया जाए अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान समय में जो एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, वो असल में एनआरसी की प्रक्रिया को पिछले दरवाजे से लागू कर रहे हैं। अंकित ने बताया कि ये एसआईआर कोई पहली बार नही हो रहा है। इससे पहले 1951 से 2004 तक 8 बार हो चुका है। और अभी एसआईआर नवी बार हो रहा है तो इस बार पहली बार हल्ला क्यों हो रहा है।

अंकित ने बताया कि हरियाणा में लगभग 25 लाख वोटो की धांधली की गई और हरियाणा 22 हजार वोट से राज्य में कांग्रेस हारी, 223 बार एक ही महिला की फोटो का उपयोग हुआ और उसका 22 बार वोट हुआ। अंकित ने बताया कि पहले चुनाव आयोग शाम तक आंकड़ा देता था, उसके बाद अधिकतम एक से डेढ़ परसेंट का



■ 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण का श्रेय लेने गोशवारा रजिस्टर से यह मैनेज किया जा रहा

अंतर आता था। अब दो दिन बाद भी 8 परसेंट का अंतर आता है। अब मतदाता सूची में 2 कमरे में 166 लोग रहते थे। वही छत्तीसगढ़ में बेमेतरा महेश वर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा का नाम दो बार है, दो बूथ में है। कुरूद के खरसेगा गांव के 342 वोट अभनपुर और रायपुर में भी जुड़े हुए हैं। और तो और विधानसभा चुनाव पश्चात लोकसभा चुनाव में अचानक मोहला मानपुर के 12 बूथ हटाकर 7 किलोमीटर दूर कर दिया गया, वो ऐसे बूथ है जहां कांग्रेस कभी नहीं हारती है। अंकित ने बताया बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में 5 याचिकाएं लगी हुई है। बिहार में 98 लाख दावा आपत्ति की गई और सिर्फ 25 हजार दावा आपत्ति स्वीकृत हुई। 16 लाख नए आवेदन आये बताया गया, पर जुड़े 21 लाख नए वोट।

हाल फिलहाल में छत्तीसगढ़ में चल रहे एसआईआर में ऐसा प्रतीत होता है कि 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण का श्रेय लेने गोश्वरा रजिस्टर से यह मैनेज किया जा रहा है। और बचे मतदाताओं की संख्या सीधे बाहर गए हैं लिख दिया जा रहा। अंकित ने बताया इस विषय पर पहले भी जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र दे चुके है कि जिले से 1 लाख से ज्यादा लोग पलायन करते हैं, उनका वोट ना कटे। अंकित ने मांग की कि गोशवारा रजिस्टर में लिखने के बाद सरपंच, सचिव, पार्षद का प्रमाणीकरण अनिवार्य किया जाए कि क्या सच में मतदाता ग्राम में अनुपस्थित है या बाहर गया हुआ है।

### एमआईएस सहायक पद के लिए 22 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए पिथौरा और बागबाहरा अनुभाग स्तर पर एमआईएस सहायक की नियुक्ति की जानी है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि यह पद अशासकीय एवं पूर्णतः अस्थाई होंगे तथा निर्धारित एवं नियत की गई अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे यह पद पूर्णतः अस्थानांतरणीय होंगे। इसके लिए अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक, कम्प्यूटर का ज्ञान और एम ऑफिस की जानकारी अनिवार्य है।



### शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों को ले गए बैंक, कामकाज को जाना

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय में संचालित नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम बैंकिंग के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए जना स्मॉल फाइनेंस घोड़ारी ले जाया गया। सभी छात्र-छात्राओं को बैंक के मैनेजर हेमंत अंबिलकर ने बैंक के विभिन्न योजनाओं एवं क्रियाकलापों को बच्चों से साझा किया कि कैसे एक सामान्य व्यक्ति को बैंक सुविधा पहुंचाती है। बैंक के खाता के प्रकारों एवं सरकारी योजनाओं एवं लोन संबंधी सुविधाओं को बताया गया। बच्चों के साथ व्याख्याता डॉक्टर संध्या चंद्राकर, हेमंत डड़सेना, नरेंद्र सिंह, आर साहू, तृप्ति ध्रुव भी साथ गए। प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य एवं समस्त स्टाफ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों को चंडी माता बिरकोनी का दर्शन कराया गया। व्यापार व्यवसाय का प्रत्यक्ष लाभ देने के लिए प्रखर फ्लाई एश ब्रिक्स की फैक्ट्री नांदगांव ले जाया गया, जहां बच्चों ने ईंट बनाने के तरीके को नजदीक से जाना। विद्यालय में बैंकिंग विषय को अध्ययन कर बहुत विद्यार्थी अभी तक स्वरोजगार अपना चुके हैं, इस दिशा में विद्यालय का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उक्त जानकारी बैंकिंग के शिक्षिका श्वेता चंद्राकर ने दी।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्राओं को किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारत स्काउट्स और गाइड्स द्वारा आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी एवं डायमंड जुबिली ग्रैंड फिनाले में भागीदारी दर्ज की। यह राष्ट्रीय आयोजन 23 से 29 नवम्बर 2025 तक डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड, वृंदावन योजना, लखनऊ (उप्र) में हुआ। विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्राएँ डागेश्वरी साहू और नीतु चंद्राकर कक्षा ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए स्काउट-गाइड की विभिन्न गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, साहसिक कार्यक्रमों और राष्ट्र निर्माण से जुड़े अभियानों में सक्रिय सहभागिता की। दोनों छात्राओं को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान प्राचार्य जीआर सिन्हा ने दोनों छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भाव का विकास होता है। इन दोनों छात्राओं ने यह उपलब्धि स्काउट गाइड की प्रभारी लता वैष्णव के मार्गदर्शन में हासिल की, जिनका सतत प्रशिक्षण और प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय परिवार और शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान एवं सदस्यों ने भी हर्ष जताया।



### कोमाखान कॉलेज में ड्रेस कोड लागू

**कोमाखान।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में इस सत्र से ड्रेस कोड लागू किया गया। नये प्राचार्य के आने के बाद उनकी पहल से कालेजियन छात्र-छात्राएं सभी ड्रेस में नजर आएंगे। बताया गया है कि यहां कालेज खुले दो तीन वर्ष हो गये, पर अब तक कोई ड्रेस में नजर नहीं आया। प्राचार्य के प्रयास से ड्रेस कोड निर्धारित कर सभी को ड्रेस में आने कहा है। बहरहाल, महासमुंद जिले में कोमाखान एक मात्र पहला कालेज है। जहां पहली बार सभी ने ड्रेस कोड का उपयोग किया। जिससे सभी ड्रेस में पहुँचे और हर्षित नजर आये। छात्र-छात्राओं के अलावा डा भूमिका शर्मा, पियुष कुमार टांडे एवं सभी प्राध्यापकों ने प्राचार्य झा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। यह जानकारी विज्ञिप्त में गगन ध्रुव व लोकेश राज बंजारे ने संयुक्त रूप से दी।

## ट्यूवेल साधन वाले किसान रबी धान फसल की तैयारी में जुटे



**नर्रा।** क्षेत्र में बड़े किसानों का अभी भी धान की कटाई जारी है। वहीं छोटे मझोले किसानों का धान कटाई पूर्णता की ओर है। इसके साथ ही क्षेत्र के साधन संम्पन ट्यूवेल वाले किसान ग्रीष्मकालीन रबी धान फसल लेने की तैयारी में जुट गए हैं। किसान ट्यूवेल से खेतों में पानी छोड़ना शुरू कर दिए है। वहीं क्षेत्र के किसान पानी छोड़ने से ट्रैक्टर रोटोवेटर से जुताई व मताई कर रोपाई के लिए धान बीज का छिड़काव कर रहे हैं। धान बीज को पानी में भींगाकर अंकुरण आने तक गर्म पानी देते रहते है। इसके बाद अंकुरित धान बीज को खेतों में डालते है।

# दिव्यांगजन अपने जीवन में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और समाज की मुख्यधारा से जुड़े, हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, उन्हें समान अवसर एवं अधिकार प्रदान करने तथा उनके सामर्थ्य से परिचित कराने के उद्देश्य से 03 दिसंबर को जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग एवं समग्र शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें कुल 450 दिव्यांग हितग्राही, स्कूली विद्यार्थी एवं सहयोगी शामिल हुए। कार्यक्रम में 10 दिव्यांग हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्रायसायकल, 05 को ट्रायसायकल, 05 को व्हील चेयर, 05 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, 03 दिव्यांगजनों को छड़ी का वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित दिव्यांगजनों, अधिकारी-कर्मचारियों को




नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई गई।

### तुमगांव में दिव्यांगजन प्रमाणन शिविर 8 को

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत अधिसूचित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के आधार पर दिव्यांगता धारक व्यक्तियों के प्रमाणीकरण के लिए जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा विकासखण्ड महासमुंद में आयोजित होने वाले शिविर के स्थान में परिवर्तन किया गया है। उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह शिविर जनपद पंचायत परिसर महासमुन्द में सोमवार 08 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक आयोजित किया जाना था। तत्संबंध में अब शिविर के स्थान में परिवर्तन करते हुए इसे पूर्ववत तिथि एवं समय पर ही सियान क्लब, वार्ड क्रमांक 07, नगर पंचायत तुमगांव में आयोजित किया जाएगा।

### हाईक में स्काउट-गाइड बिना बर्तन के स्वादिष्ट भोजन व व्यंजन बनाए

# विकासखण्ड स्तरीय स्काउट-गाइड साइकिल हाईक पहुंचे बम्हनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ महासमुंद के वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत 1 दिसम्बर विश्व एड्स दिवस पर साइकिल हाईक महासमुंद से श्वेत गंगा बम्हणेश्वर बम्हनी पहुंचे। साइकिल हाइक को जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला उपाध्यक्षगण जय पवार, आनंद साहू, पंकज चन्द्राकर जिलाध्यक्ष एथलेटिक्स संघ, उत्तम वर्मा एवं कौशलेन्द्र वैष्णव ने जिला प्रशिक्षण केन्द्र से स्काउट गाइड को हरी झंडी दिखाकर बम्हनी के लिए रवाना किया। इस साइकल हाईक में आशी बाई गोलछा शाउमा, शाडीएमएस, सरस्वती शिशु मंदिर, देव संस्कृति, सेजेस नयापारा, सेजैसे हिंदी मध्यम, राम पाठशाला,



पब्लिक उमावि बरोंडा बाजार, हाईस्कूल बम्हनी, वेडनर स्कूल से 39 स्काउट 55 गाइड कुल 94, 16 प्रभारी स्काउटर गाइडर 110 लोग सम्मिलित हुए। हाईक में सर्वप्रथम वन विद्यालय, मचेवा पीजी कालेज, वेटनरी प्रशिक्षण केन्द्र, पालीटेक्निक कालेज एवं बम्हनी नर्सरी प्लांट में विभिन्न पेड़ पौधों का अवलोकन के साथ जैविक खाद बनाने की विधि से परिचित होते हुए श्वेत गंगा बम्हणेश्वर महादेव प्रांगण में पहुंच कर कुछ देर विश्राम किया। पश्चात सम्मिलित स्काउट गाइड को ग्रुप में बांट कर विभिन्न प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें सबसे रोचक टास्क बिना बर्तन का भोजन बनाना रहा। जिसमें प्रतिभागियों ने सलाद, रोटी, अंगाकर रोटी, भटा का भरता, लिट्टी चोखा, आलु का भरता, टमाटर चटनी, भेल आदि बनाकर अतिथियों के समक्ष प्रदर्शित किए। पश्चात ग्रुप वाइस वन खेल के माध्यम से अनेक स्थानों पर छुपाए मुद्राओं को एकत्र करने का टास्क मिला, जिसे स्काउट गाइड ने आनंदमय वातावरण में टास्क पूरा कर लिए। भोजन पश्चात पुनः श्वेत गंगा बम्हणेश्वर महादेव, पंचवटी सावित्री माता मंदिर दर्शन करते हुए सायकल हाईक वापसी कर जिला प्रशिक्षण केन्द्र में पहुंचकर अपने अपने आवास को रवाना हुए। सायकल हाईक के शिविर संचलक अजय तांडी, रुट प्रभारी रामकुमार साहू वरिष्ठ स्काउटर एवं हीना धालेन एबीओ, लीनु चन्द्राकर डीईओसी गाइड, रूपा पांडेय, हिरेन्द्र साहू, कमल लूनिया, तुलेंद्र सागर, लता वैष्णव, मधु तिवारी, प्रमोद कन्नौजे, लीनु चंद्राकर, छन्नूलाल साहू, जितेंद्र चक्रधारी, रितेश जोशी सम्मिलित रहे।

**न्यायालय जिला विवाह अधिकारी महासमुन्द**

**फार्म "अ"**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि रोहिणी निराला पिता श्री बंशीलाल निराला, उम्र 22 वर्ष, जाति सतनामी, निवासी वार्ड नं. 09, ग्राम बासकाटा, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) एवं गिरवर पिता श्री सुकदेव उम्र 23 निवासी वार्ड नं. 03, ग्राम पेन्ड्री, पोस्ट कलंगपुर, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 01 जनवरी 2026 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 01 दिसम्बर, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

**जिला विवाह अधिकारी, महासमुन्द**

## खबर संक्षेप



### अगहन पुन्नी पर की गई लक्ष्मी की विशेष पूजा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम कोटादादर में अगहन पुन्नी पर गुरुवार को माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की गई। अपने-अपने घर के आंगन को रंगोली में सजाए। चावल आटे से पद चिन्ह भी बनाए गए। गांव की अनुसुया बाई ध्रुव, हेमलताबाई ध्रुव आदि ने अगहन पर प्रत्येक गुरुवार को व्रत उपासना को विशेष बताया है।



### आंगनबाड़ी के मरम्मत के लिए आई राशि का अब तक उपयोग नहीं



**महासमुंद।** नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नपा अधिकारी अशोक सलामे को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि छग शासन द्वारा महिला बाल विकास विभाग से नगर पालिका को आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत जीर्णोद्वार के लिए 21 लाख 60 हजार रुपए प्राप्त हुए लगभग 5 माह हो गए। लेकिन, अभी तक इस दिशा में ठोस पहल नही हुई है। तत्काल आंगनबाड़ी भवनों का जायजा लेकर सूची तैयार कर शीघ्र मरम्मत कराया जाए। नपाउपाध्यक्ष ने कहा कि राशि वित्तीय वर्ष में खर्च नही होगी, ऐसी स्थिति में शासन वापस मांग लेगी। जबकि, मरम्मत आवश्यक कार्य है। मरम्मत होने से आगंनबाड़ी के संचालन में आसानी होगी। जिस पर सीएमओ अशोक सलामे ने कहा कि मुझे कोई जानकारी नही है। राशि के बाबत नपा में एकाउन्ट शाखा की जवाबदारी है कि ऐसे आवश्यक विषयों की जानकारी नगर पालिका के सीएमओ करायी जाए। राठी ने सीएमओ से तत्काल आंगनबाड़ी भवन मरम्मत की दिशा में ठोस पहल करने को कहा।



### महतारी सदन के लिए विधायक ने भोरिंग में किया स्थल निरीक्षण

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में प्रस्तावित महतारी सदन के लिए गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान तेजेंद्र शर्मा, रमेश साहू, राधेश्याम साहू, राजू साहू, शरद मराठा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महासमुंद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित


# पारदर्शी व्यवस्था से जिले के किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य सरकार की मंशानुरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सभी उपार्जन केंद्रों में पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्थित व्यवस्था के साथ जारी है। किसान ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से टोकन कटवा कर अपनी उपज बेच रहे हैं और समय पर उचित मूल्य मिलने से शासन की इस पहल को सराह रहे हैं।

इसी क्रम में बिरकोनी उपार्जन केंद्र में किसान उत्साहपूर्वक अपनी उपज लेकर केंद्रों पर पहुँच रहे हैं। ग्राम बिरकोनी के किसान मनोहर चंद्रवंशी ने डेढ़ एकड़ खेत से उपार्जित 30 क्विंटल धान की बिक्री की। उन्होंने खरीदी केंद्र में ही ऑफलाइन टोकन बनवाया और बताया कि सरकार की व्यवस्था से उन्हें बिना किसी परेशानी के समय पर समर्थन मूल्य मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने शासन का आभार व्यक्त किया।

इसी गांव के किसान दुष्यंत साहू ने अपनी 3 एकड़ 35 डिसमिल भूमि से उत्पन्न 70 क्विंटल धान बेचा। उन्होंने भी ऑफलाइन टोकन सुविधा का लाभ लिया।

उनका कहना है कि खरीदी केंद्र की प्रक्रिया बिल्कुल सुगम रही और कहीं कोई दिक्कत नहीं आई। उन्होंने भी राज्य सरकार की पारदर्शी और किसान हितैषी व्यवस्था की सराहना की। ग्राम बिरकोनी के ही कृषक विजय वैष्णव ने 3.5 एकड़ जमीन से उत्पादित 76 क्विंटल धान बेचा। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित थीं, जिससे वे आसानी से अपनी उपज बेच पाए। किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और खेती के प्रति उत्साह बढ़ा है।

जिले भर में इन दिनों हजारों किसान खरीदी केंद्रों पर पहुँचकर अपनी उपज बेच रहे हैं। सहकारी समितियाँ और खरीदी केंद्र चुस्ती से काम कर रहे हैं, ताकि किसी भी किसान को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## आयोजन: घोंच में धूमधाम से मनाया गया राजगौरा महोत्सव

# राजगौरा महोत्सव छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम घोंच में आयोजित राजगौरा महोत्सव में खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। अध्यक्षता सरपंच पवन साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य करण दीवान, जनपद सदस्य नारायण ध्रुव, जनपद सदस्य सृष्टि ध्रुव, ग्राम अध्यक्ष झाड़ू राम साहू, मनोज सिन्हा सरपंच ठाकुरदिया, जीतराम यादव सरपंच सोनासिल्ली, खामु ठाकुर सरपंच बगारपाली रहे। मुख्य अतिथि यादव



ने कहा कि राजगौरा छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा है और हमारी संस्कृति है। छत्तीसगढ़ हमारी प्राचीन संस्कृति और परम्पराओं के लिए जाना जाता रहा है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को महोत्सव की बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपसरपंच पप्पू साहू, गिरिराज नेताम, मोतीराम साहू, माखन ध्रुव, चन्दूलाल साहू, धनीराम दीवान, गोपाल दीवान, छन्नू लाल साहू, नरेश ध्रुव, उमेन्द्र दीवान, नरेंद्र साहू, हेमंत साहू, जगन्नाथ ध्रुव, रेवती दीवान, लोकेश दीवान, लालजी दीवान, कमल निर्मलकर, लालजी दीवान, ओमकुमारी साहू, संतोषी दीवान, ललित साहू, नुवत साहू, पुरुषोत्तम साहू, प्रीतम दीवान, सेवक दीवान, अजित राम खड़यिा, आज्ञा राम साहू, मिथलेश दीवान, बेदबाई दीवान, उर्वशी साहू, भूमि साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### क्षेत्र की प्रतिभाओं का किया सम्मान

खल्लारी विधायक यादव ने क्षेत्र के प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में पल्लवी दीवान और कला के क्षेत्र में नागेश दीवान उर्फ नागू के उज्ज्वल भविष्य की शुभेच्छा जताई।

# आधार कार्ड के लिए गलत दस्तावेज अपलोड करने पर लगेगी पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रेडक्रॉस भवन रायपुर में राज्य स्तरीय यूआईडीएआई की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नए आधार सॉफ्टवेयर, दस्तावेज संशोधन प्रक्रिया एवं अपडेट नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से आए आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में यूआईडीएआई की टेक्निकल टीम दिल्ली तथा आरओ कार्यालय हैदराबाद की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। बैठक में महासमुंद आधार ईडीएम भूपेन्द्र के मार्गदर्शन में जिले के सभी ऑपरेटर एवं आधार कोऑर्डिनेटर मूलचंद निषाद, जिला ऑपरेटर डीगेस सिन्हा, आधार गाइड टीम चकरदा से चेतराम पटेल, बलौदा से रेशम यादव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। आधार गाइड टीम ने ऑपरेटरों पर लगने वाली पेनाल्टी के विषय पर चर्चा की। गलत दस्तावेज अपलोड होने पर भारी पेनाल्टी लगने की संभावना को देखते हुए ऑपरेटरों को यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि



कौन-से दस्तावेज मान्य हैं और कौन-से अब पूरी तरह इनवैलिड घोषित किए जा चुके हैं। बैठक में बताया गया कि पुराने दस्तावेज जो पहले आधार सुधार में उपयोग किए जाते थे, अब अमान्य हो चुके हैं। नाम एवं जन्मतिथि सुधार के मामलों में गलत दस्तावेज अपलोड होने पर यूआईडीएआई द्वारा पेनाल्टी लगाई जा रही है। इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। ताकि, भविष्य में कोई भी ऑपरेटर त्रुटिपूर्ण दस्तावेज अपलोड न करें और किसी भी प्रकार की पेनाल्टी से बचा जा सके। इस अवसर पर यूआईडीएआई अधिकारी खुशीदआलम, संजय मोहंती एवं सौरभ रामटेक ने महासमुंद जिले में चल रहे एमबीयू (एमबीयू) संचालन कार्य की सराहना करते हुए इसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। आधार गाइड टीम ने जिले में बढ़ रही डीएक्टिव एवं कैंसिल आधार की स्थिति पर भी ध्यान आकर्षित कराया तथा 10 वर्ष पुराने आधार कार्ड के अपडेट एवं दस्तावेज सत्यापन न कराने से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी अधिकारियों को दी। कार्यक्रम में लोक सेवा केंद्र रायपुर से पूर्णेन्द्र साहू भी उपस्थित रहे।

## वार्ड 29 में नपाध्यक्ष ने किया शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 29 पीएचई कॉलोनी में विकास कार्यों को गति देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं कांग्रेसी युवा नेता निखिलकांत साहू व वार्ड पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा ने शेड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि वार्ड 29 के रंगमंच परिसर के पास अब शेड निर्माण होने से वार्डवासियों को धूप बारिश से निजात मिलेगी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम निर्विघ्न संपादित हो सकेंगे।

# नशामुक्त भारत अभियान के लिए दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- फॉर्च्यून दृष्टि दिव्यांग विद्यालय में अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया

बागबाहरा विकासखंड के ग्राम करमापटपर बागबाहराखुर्द स्थित फॉर्च्यून दृष्टि दिव्यांग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का शानदार आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, योगा एवं अन्य कार्यक्रम अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में हुए।



मुख्य अतिथि लोकनाथ बारी सभापति जिला समाज कल्याण, विशेष अतिथि के रूप में नरेश चंद्राकर भाजपा नेता, भूपेंद्र सिंह ठाकुर बागबाहरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष, गोवर्धन पटेल सरपंच बागबाहरा कला, वीरेंद्र शुक्ला पंच एवं अधिवक्ता, सावित्री चौधरी सरपंच बारिहपाली, विजय कुमार सिन्हा प्रतिनिधि उप संचालक समाज कल्याण, वृन्दावन पटेल अधीक्षक शासकीय बहु विकलांग विद्यालय महासमुंद, चोवा राम साहू, विनोद दीवान, तुलसीराम बरिहा, मायाराम पटेल, गुलाब सिंह ठाकुर, रामप्रवेश पारकर की उपस्थिति में कार्यक्रम हुए। विद्यालय के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि फॉर्चून दृष्टि दिव्यांग विद्यालय के डायरेक्टर निरंजन साहू के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समस्त कार्यक्रमों खेल एवं योगा की अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नशामुक्त भारत अभियान के लिए सबने संकल्प लिया। कार्यक्रमों में फॉर्च्यून दृष्टि दिव्यांग विद्यालय के स्टाफ, पदाधिकारी एवं सदस्य, बागबाहराकला खुर्द, कल्याणपुर आदि ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# यूनिटी मार्च से लौटे जिले के युवा प्रतिनिधि कुबेर और भैरव, रायपुर रेलवे स्टेशन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता के मार्ग पर युवाओं को नेतृत्व प्रदान करने के लिए आयोजित राष्ट्रव्यापी यूनिटी मार्च में जिले के दो युवा प्रतिनिधि कुबेर यदु एवं भैरव प्रसाद पाल ने ऐतिहासिक पदयात्रा पूर्ण कर अपनी वापसी पर जिले तथा प्रदेश स्तर पर सम्मान प्राप्त किया।

यूनिटी मार्च से लौटे पदयात्री कुबेर यदु ने बताया कि छत्तीसगढ़ से लगभग 75 युवा प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक पदयात्रा में हिस्सा लिया। उनका जत्था नागपुर से शुरू हुए, उस विशेष मार्ग का हिस्सा था जिसे नर्मदा प्रवाह नाम दिया गया था। यह यात्रा नागपुर से प्रारंभ होकर बैतूल, इंदौर, गोधरा होते हुए गुजरात के वडोदरा और अंततः एकता नगर पहुँची, जहाँ विश्व की सबसे ऊँची



प्रतिमा सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के दर्शन कर पदयात्रा का समापन हुआ। युवा प्रतिनिधि कुबेर यदु ने बताया कि यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पदयात्रियों का भारी उत्साह के साथ स्वागत किया। अनेक स्थानों पर युवाओं के सम्मान में पुष्पवर्षा, स्वागत जुलूस एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं, जिससे पदयात्रा और अधिक प्रेरणादायी बन गई।

### रायपुर लौटने पर हुआ सम्मान

यात्रा के सफल समापन और एकता नगर से लौटने के पश्चात जब दोनों प्रतिनिधियों के रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश एवं जिला टीम स्वागत के लिए मौजूद रही।

### स्कूल के अहाता एवं सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



**महासमुंद।** ग्राम ख़ैरझिटी में गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्कूल के अहाता एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक सिन्हा ने कहा कि आप सभी सरकार की योजनाओं का लाभ लेवें। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच रामेश्वरी कुंजलाल चेलक, डिगेश्वरी चन्द्राकर, राधेश्याम साहू, पार्वती राधेश्याम साहू, लवेश ढीढी, पोखन ढीढी, संगीता कोसले, शैलेन्द्री पटेल, पोषण निर्मलकर, संतोष सिन्हा, संतराम साहू, तोरण यादव, तारेंद्र साहू, खिलावन यादव, शशिकांत साहू, राजू साहू सहित अन्य उपस्थित

# जागरुकता कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य के लिए किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

21 से 24 नवंबर तक तीन दिवसीय सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 जागरुकता कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना जिला महासमुंद एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। यह जागरुकता अभियान डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी छग उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं यह जागरूकता अभियान अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के संयोजन में संचालित किया गया।

यह तीन दिवसीय सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 जागरुकता कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में प्राचार्य करुणा दुबे, डॉ.मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, डॉ सरस्वती वर्मा, राजेश्वरी सोनी, गायत्री चंद्राकर, चुम्मन लाल निषाद मंचस्थ रहे। प्राचार्य करुणा दुबे का प्रतीक चिन्ह भेंटकर एवं बेज लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में डॉ मालती तिवारी द्वारा सभी रासेयो इकाईयों द्वारा किए गए जागरुकता कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही तीन दिनों में ग्राम पंचायत शेर, मोंगरा, भलेसर, कनेकेरा, बरोंडाबाजार, लाफिनकला, मचेवा, भुरका, बेमचा, मुस्की, परसदा, कौन्दकेरा, साराडीह, नांदगांव, बेलसोंडा, खरोरा, खैरा, कोसरंगी, लभराखुर्द, झालखम्हरिया में संचालित गतिविधि नुक्कड़ नाटक, नारा लेखन, ग्राम सपर्क, डोर टू डोर सर्वे,



आंगनबाड़ी का सर्वे, स्कूल का सर्वे किया। जिसमें मुख्य रूप से बच्चों को जागरूक किया गया, जो एक महत्वपूर्ण उद्देश्य को पूरा किया। समाज में बाल अधिकार, स्वच्छता, सुपोषण आदि पर महत्वपूर्ण योगदान देकर बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से परिपक्व होकर अपने लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ें एवं समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। करुणा दुबे जिनके संरक्षण एवं मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हुआ। उन्होंने कहा कि हर एक स्वयंसेवक समाज के उत्थान एवं निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और समाज में ग्राम पंचायतों में ग्रामीणजनों के बीच जाकर आपके द्वारा किया कार्य सराहनीय एवं मार्मिक रहा। निश्चित ही जिस ग्राम पंचायतों में हमारे द्वारा जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। वहां एक अलग ही वातावरण का निर्माण कर बच्चों को जागरूक किए, उसके लिए सभी बधाई के पात्र हो। तीन दिवसीय इस जागरुकता कार्यक्रम में शामिल रासेयो इकाई के गायत्री चंद्राकर कार्यक्रम अधिकारी शांत्रीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के नेतृत्व में कार्य किया।

इकाई को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार डॉ सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, चुम्मन लाल निषाद कार्यक्रम अधिकारी इंडियन कॉलेज, निर्मल बंजारे कार्यक्रम अधिकारी श्याम बालाजी महाविद्यालय, राजेश्वरी सोनी व अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय को भी प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो एवं प्रकाशमणि साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में शामिल समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों का अजय कुमार राजा धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन प्रकाशमणि साहू ने किया।

